आकाशवाणीः देहरादून
शनिवार– 30.03.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पी. वी. नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।
- प्रदेश में पांच लोकसभा सीटों पर कुल 55 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।
- निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश के 83 लाख 37 हजार 914 मतदाताओं की अंतिम सूची जारी की।
- देहरादून में ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू हुआ।
- मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए राज्य में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया।

---------

**भारत रत्न**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान असाधारण और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

## नामांकन

प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों पर कुल 55 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। नामांकन वापसी के अंतिम दिन यानी आज अल्मोड़ा से एक निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन देव ने अपना नामांकन वापस लिया है। आज देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि.....

गौरतलब है कि प्रदेश की पांच लोकसभा सीट पर कुल प्राप्त 63 नामांकन में से 56 नामांकन सही पाए गए थे। राज्य में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। चुनाव परिणाम देशभर में चार जून को घोषित किए जांएगे।

## मतदाता जागरूकता अभियान

चुनाव का पर्व, देश का गर्व अभियान के तहत लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऊधमसिंह नगर जिले के नोडल अधिकारी मनीष कुमार ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बाजपुर स्थित बौर जलाशय में जलक्रीड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीएलओ पुष्पा रावत ने बताया कि बौर जलाशय में नौकायन के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## झण्डा मेला

देहरादून स्थित श्री गुरु राम राय दरबार साहिब में 86 फीट ऊंचे और 3 फीट मोटे झंडेजी के आरोहण के साथ ही आज से ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू हो गया है। देश–विदेश से बड़ी संख्या में संगतें व श्रद्धालु गुरु की नगरी पहुंचे हैं। संगतों की ओर से दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल और पंचगव्यों से झंडे को स्नान के साथ विधिवत वैदिक विधान से पूजा अर्चना के पश्चात अरदास की गई। इस बार पंजाब के होशियारपुर निवासी हरभजन सिंह पुत्र हरीसिंह ने दर्शनी गिलाफ चढ़ाया। गौरतलब है कि सिखों के सातवें गुरु गुरु हर राय के बड़े पुत्र गुरु राम राय महाराज का जन्म सन् 1646 ई. में जिला होशियारपुर के कीरतपुर, पंजाब में हुआ था। गुरु राम राय महाराज ने देहरादून को अपनी तपस्थली चुना व दरबार साहिब में लोक

कल्याण के लिए विशाल झंडा लगाकर श्रद्धालुओं को ध्वज से आशीर्वाद लेने का संदेश दिया था। होली के पांचवें दिन चैत्रवदी पंचमी को गुरु राम राय जी महाराज के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है व हर साल झंडे मेले का आयोजन किया जाता है।

## लोकसभा चुनाव– अंतिम मतदाता सूची

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश के 83 लाख 37 हजार 914 मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी है। इसमें 43 लाख 17 हजार 579 पुरुष मतदाता और 40 लाख 20 हजार 38 महिला मतदाता शामिल हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 297 है। राज्य में सर्विस मतदाताओं की संख्या 93 हजार 187 है, जिसमें 90 हजार 554 पुरुष और 2 हजार 633 महिला सर्विस वोटर हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रदेश में सुगम मतदान के लिए कुल 11 हजार 729 पोलिंग स्टेशन बनाये गये हैं, जिसमें से 12 दुर्गम पोलिंग स्टेशन के लिए, पोलिंग पार्टियां मतदान से तीन दिन पहले रवाना होंगीं। वहीं, 705 पोलिंग पार्टियां मतदान से दो दिन पहले पोलिंग स्टेशन के लिए प्रस्थान करेगी, जबकि 11 हजार 12 पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पहले पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना होंगी।

## चुनाव प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा, कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल के साथ ही अन्य राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान के लिए चुनाव प्रचार में जुटे हैं। गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने आज श्रीनगर विधानसभा में चुनाव प्रचार किया। इसी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने रामनगर विधानसभा में जनसंपर्क अभियान किया। भाजपा नेता व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा सीट से उम्मीदवार अजय टम्टा के पक्ष में रानीखेत में रोड शो किया। वहीं, कांग्रस उम्मीदवार प्रदीप टम्टा ने पिथौरागढ़ में जनसंपर्क किया। टिहरी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने देहरादून के रायपुर में जनसभा कर मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। वहीं, हरिद्वार सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हरिद्वार में रोड़–शो

कर भाजपा को जिताने का आह्वान किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरिद्वार के खानपुर में कांग्रेस उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह रावत के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस बीच श्री धामी ने रुद्रपुर में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो अप्रैल को प्रस्तावित रैली को लेकर चर्चा की।

**अवैध शराब**

हरिद्वार के लक्सर में पुलिस ने अलग–अलग जगह पर छापेमारी कर चार अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 130 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को जब्त करते हुए एक हजार लीटर लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में नशा तस्करों और शराब माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

**मौसम**

**और अब एक नजर मौसम पर...** प्रदेश के अनेक हिस्सों में आज सुबह तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। उत्तरकाशी, चमोली सहित राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की खबर है। दोपहर बाद से राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान राज्य में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि और झोंकेदार हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार दो और तीन अप्रैल को राज्य के चार हजार मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है।

**आरोप–प्रत्यारोप**

कांग्रेस देशव्यापी अभियान के तहत उत्तराखंड में भी "मेरे विकास का दो हिसाब" मुहिम के तहत केन्द्र सरकार से 10 साल के विकास का हिसाब मांगेगी। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष

मथुरादत्त जोशी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि बीजेपी जनता के सवालों से बचने का रास्ता खोजती है और भावनात्मक विषयों का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह अभियान केवल सोशल मीडिया तक नहीं, बल्कि सोशल, डिजिटल, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भी मजबूती से चलाया जाएगा। कांग्रेस की मुहिम **मेरे विकास का दो हिसाब** को भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने हास्यास्पद करार देते हुए कहा कि भाजपा अपने 10 साल का रिपोर्ट कार्ड लेकर ही जनता के बीच है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में देश बहुत बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की नकारात्मक सोच और देश विरोधी मानसिकता नहीं बदली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के बल पर ही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने दूसरी बार और भी अधिक मतों के साथ सरकार बनाई।